सत्यमेव जयते



वार्षिक रिपोर्ट
Annual Report
2023-24

राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण
संस्कृति मंत्रालय
भारत सरकार

NATIONAL MONUMENTS AUTHORITY
MINISTRY OF CULTURE
GOVT. OF INDIA

वार्षिक रिपोर्ट

Annual Report
2023-24

विषय सूची

अध्याय संख्या	विवरण	पृष्ठ सं.
अध्याय–I	परिचय	1–2
अध्याय–II	एनएमए के कार्य और शक्तियां	3–4
अध्याय–III	सक्षम प्राधिकारियों का सचिवालय	5
अध्याय–IV	प्रवर्गीकरण और वर्गीकरण	6
अध्याय–V	अनुमति प्रदान करने के लिए आवेदनों पर कार्रवाई	7–9
अध्याय–VI	धरोहर उप–विधि	10–14
अध्याय–VII	वित्त एवं बजट	15–16
अध्याय–VIII	राजभाषा नीति का कार्यान्वयन	17
अध्याय–IX	सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005, लोक शिकायत, वीआईपी संदर्भ और विधिक मामले	18–19
	अनुलग्नक	39–60

Contents

Chapter Number	Particulars	Page No.
Chapter - I	Introduction	21-22
Chapter - II	Functions & Powers of NMA	23
Chapter - III	Secretariat of Competent Authorities	24
Chapter - IV	Categorization and Classification	25
Chapter - V	Processing of Applications for Grant of Permission	26-28
Chapter - VI	Heritage Bye-laws	29-33
Chapter - VII	Finance and Budget	34-35
Chapter - VIII	Implementation of Official Language Policy	36
Chapter - IX	Right to Information Act, 2005, Public Grievances, VIP References and Legal Matters	37-38
	Annexures	39-60

अध्यायः I

परिचय

1.1 राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण (एनएमए) का गठन प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष (संशोधन और विधिमान्यकरण) अधिनियम, 2010 के अधिनियमन द्वारा मूल अधिनियम, प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष (एएमएएसआर) अधिनियम, 1958 के अंतर्गत किया गया था। इस आशय की राजपत्र अधिसूचना 29 मार्च, 2010 को राष्ट्रपति की स्वीकृति प्राप्त करने के पश्चात 30 मार्च, 2010 को भारत के राजपत्र (असाधारण) में प्रकाशित की गई थी ।

1.2 तदनुसार, संस्कृति मंत्रालय (MoC) ने अपने कार्यालय ज्ञापन संख्या 33–71/2009–एम (खंड II) दिनांक 06 सितंबर, 2010 के माध्यम से राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण (एनएमए) और 24 सक्षम प्राधिकारियों (सीए) की स्थापना के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी दी जिनमें से प्रत्येक का अधिकार क्षेत्र भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के एक परिमंडल के साथ सह–सीमांत होगा, ताकि एनएमए को अपने कार्यों के निर्वहन में सहायता मिल सके। उक्त कार्यालय ज्ञापन में एनएमए में 12 पदों के सृजन के लिए भी मंजूरी दी गई थी, जिसका ब्यौरा *अनुलग्नक–I* में दिया गया है।

1.3 प्राधिकरण ने 23 नवंबर, 2011 को एनओसी [(जिसे अब अनुमति प्रदान करने के लिए सिफारिश (आरजीपी) कहा जाता है)] की पहली बैठक के आयोजन के साथ अपना कार्य आरंभ किया। इस बैठक की अध्यक्षता एनएमए के अध्यक्ष की अनुपस्थिति में तत्कालीन पूर्णकालिक सदस्य, सुश्री मीरा ईश्वर दास ने की, जहां एएमएएसआर अधिनियम, 1958 (2010 में यथा संशोधित) के प्रावधानों के तहत पांच मामलों पर विचार किया गया।

एनएमए की उत्पत्ति

1.4 राष्ट्रीय महत्व के रूप में घोषित सभी प्राचीन संस्मारकों और पुरातत्वीय स्थलों तथा अवशेषों के साथ–साथ उनके आसपास के क्षेत्रों के व्यवस्थित परिरक्षण, संरक्षण, सुरक्षा और रखरखाव को सुनिश्चित करने के लिए, शहरीकरण और विकास को समायोजित करते हुए, केंद्र सरकार ने प्रतिषिद्ध और विनियमित क्षेत्रों में निर्माण गतिविधियों को विनियमित करने के लिए राज्य स्तर पर राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण(एनएमए) और सक्षम प्राधिकारियों का गठन किया।

राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण (एनएमए) की संरचना

1.5 एएमएएसआर अधिनियम, 1958 (2010 में यथा संशोधित) की धारा 20च के अनुसार, प्राधिकरण में पूर्णकालिक आधार पर एक अध्यक्ष, अधिकतम 05 पूर्णकालिक सदस्य और 05 अंशकालिक सदस्य, पदेन सदस्य के रूप में महानिदेशक, एएसआई और एक सदस्य–सचिव, जो भारत सरकार के संयुक्त सचिव के पद से नीचे के नही होंगे, शामिल होंगे।

1.6 राष्ट्रपति द्वारा पुरातत्व, शहर और नगर नियोजन, वास्तुकला, धरोहर, संरक्षण–वास्तुविद या विधि के क्षेत्र में अनुभव और विशेषज्ञता रखने वाले अध्यक्ष की नियुक्ति की जाएगी। प्रोफेसर किशोर के. बासा, एनएमए के वर्तमान अध्यक्ष हैं, जिन्होंने 23 नवंबर, 2022 को पदभार ग्रहण किया था।

1.7 केंद्र सरकार द्वारा पुरातत्व, शहर और नगर नियोजन, वास्तुकला, धरोहर, संरक्षण–वास्तुविद या विधि के क्षेत्र में सिद्ध अनुभव और विशेषज्ञता रखने वाले पूर्णकालिक सदस्यों और अंशकालिक सदस्यों को चयन समिति की सिफारिश पर नियुक्त किया जाएगा, जिसमें मंत्रिमंडल सचिव – (अध्यक्ष, पदेन); सचिव, संस्कृति मंत्रालय– (सदस्य, पदेन); सचिव, शहरी विकास मंत्रालय– (सदस्य; पदेन); और तीन विशेषज्ञ, जिनके पास पुरातत्व, वास्तुकला, धरोहर या संरक्षण–वास्तुविद के क्षेत्र में सिद्ध अनुभव और विशेषज्ञता है, जिन्हें केंद्र सरकार द्वारा धारा 20–छ के संदर्भ में नामित किया जाएगा। वर्तमान में, केवल एक पूर्णकालिक सदस्य नामतः श्री टी॰एन॰ तिवारी हैं जिन्होंने 25 मई, 2023 को कार्यभार ग्रहण किया है। इसके अतिरिक्त दो अंशकालिक सदस्य नामतः श्री हेमराज रमणीकलाल कामदार और प्रो. एम. कैलाश राव भी है जिन्होंने क्रमशः 24 फरवरी, 2022 और 29 मार्च, 2022 को कार्यभार ग्रहण किया है ।

1.8 प्राधिकरण के पूर्णकालिक अध्यक्ष या प्रत्येक पूर्णकालिक सदस्य और प्रत्येक अंशकालिक सदस्य का कार्यकाल उनके पदभार ग्रहण करने की तारीख से तीन वर्ष का होगा और वे पुनर्नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगें।

1.9 पूर्व अध्यक्षों, पूर्णकालिक सदस्यों और अंशकालिक सदस्यों की सूची *अनुलग्नक–II* में दी गई है ।

अध्यायः II

राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण (एनएमए) के कार्य और शक्तियां

2.1 एनएमए का प्राथमिक कार्य राष्ट्रीय महत्व के रूप में घोषित प्राचीन संस्मारकों और पुरातत्वीय स्थलों और अवशेषों के प्रतिषिद्ध और विनियमित क्षेत्रों (जिन्हें संरक्षित संस्मारक और स्थल या केंद्रीय संरक्षित संस्मारक और संरक्षित क्षेत्र भी कहा जाता है) के सांविधिक प्रावधानों को लागू करना है, जिसका उद्देश्य इमारतों, सरंचनाओं, सार्वजनिक परियोजनाओं या जनता के लिए आवश्यक परियोजनाओं का निर्माण, पुनर्निर्माण, मरम्मत और नवीनीकरण करना है। इसके अलावा, एनएमए को केंद्रीय संरक्षित संस्मारकों और संरक्षित क्षेत्रों के आसपास निर्माण संबंधी गतिविधियों को विनियमित करने के लिए संस्मारक विशिष्ट धरोहर उप–विधियों (एचबीएल) को मंजूरी देने का अधिकार दिया गया है। इन धरोहर उप–विधियों (एचबीएल) में अन्य बातों के साथ–साथ ऊंचाई, अग्रभाग, जलनिकासी प्रणाली, सड़क और सेवा बुनियादी ढांचे जैसे धरोहर नियंत्रण से संबंधित मामले शामिल होंगे। इन धरोहर उप–विधियों को संसद के प्रत्येक सदन के समक्ष रखा जाना आवश्यक है। एनएमए को ऐतिहासिक, पुरातत्वीय, वास्तुशिल्पीय और अन्य प्रासंगिक कारकों को ध्यान में रखते हुए एएसआई के परामर्श से राष्ट्रीय महत्व के रूप में घोषित प्राचीन संस्मारकों या पुरातत्वीय स्थलों और अवशेषों के प्रवर्गीकरण और वर्गीकरण का उत्तरदायित्व भी दिया गया है। अपने अधिदेशित कार्यों के निर्वहन के उद्देश्य से, एनएमए क्षेत्र स्तर पर सक्षम प्राधिकारियों (सीए) के कामकाज की देखरेख करता है। इसके अलावा, एनएमए को एएमएएसआर अधिनियम, 1958 के प्रावधानों के कार्यान्वयन के लिए उपाय सुझाने का भी अधिदेश दिया गया है।

2.2 अधिनियम के तहत अपने कार्यों के निर्वहन के लिए, एनएमए को सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के तहत सिविल न्यायालय के समान शक्तियां प्राप्त हैं। इसमें व्यक्तियों को बुलाना और उनकी उपस्थिति सुनिश्चित रना, सुनिश्चित करना, शपथ के तहत उनकी जांच करना, दस्तावेजों का पता लगाना और उन्हे प्रस्तुत करने की अपेक्षा रखना, और किसी भी अन्य निर्धारित मामलों का निपटान करना शामिल है।

राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण (एनएमए) सचिवालय

2.3 केन्द्रीय सरकार द्वारा ए.एम.ए.एस.आर. अधिनियम, 1958 की धारा 20च की उपधारा (5) के अंतर्गत प्राधिकरण के समुचित और कुशल संचालन के लिए उन्हे आवश्यक संख्या में अधिकारी और अन्य कर्मचारी उपलब्ध कराना अपेक्षित है, ताकि प्राधिकरण अपने उद्देश्यों को पूरा कर सके।

2.4 व्यय विभाग (डीओई) ने अपने आईडी संख्या 8777849/ईसीआई (2)/2010 दिनांक 18 जनवरी, 2011 के द्वारा एनएमए में 12 पदों (सदस्य–सचिव के पद को छोड़कर) को मंजूरी दी। उक्त स्वीकृत पदों को बुनियादी ढांचे की व्यवस्था की कमी के कारण एनएमए द्वारा उनकी मंजूरी के 05 वर्ष की निर्धारित अवधि के भीतर तुरंत भरा/संचालित नहीं किया जा सका और इस प्रकार वे समाप्त हो गए। हालांकि, लगातार अनुवर्ती कार्रवाई के बाद, वित्त मंत्रालय (एमओएफ) के वित्त विभाग ने अपने आईडी नोट संख्या 12(14)/संस्कृति/ई/समन्वय. I/2020 दिनांक 07 मार्च, 2022 के द्वारा एनएमए में 05 पदों को बहाल किया। इसके बाद, व्यय विभाग (डीओई), वित्त मंत्रालय ने अपने आईडी संख्या 12(14)/संस्कृति/ई/समन्वय I/2020 दिनांक 08 मई, 2023 के द्वारा

राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण (NMA) में शेष 07 पदों को बहाल कर दिया । इन 12 बहाल पदों का विवरण *अनुलग्नक–III* में दिया गया है।

2.5 चूंकि ये बहाल पद कार्य को कुशलतापूर्वक पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं हैं, इसलिए एएमएएसआर अधिनियम, 1958 की संदर्भित धारा के तहत पदों के सृजन का प्रस्ताव, *अनुलग्नक–IV* के अनुसार, संस्कृति मंत्रालय को प्रस्तुत किया जा रहा है। तथापि, नियमित कर्मचारी न होने के कारण युवा पेशेवरों और सेवानिवृत्त पदाधिकारियों को अनुबंध के आधार पर परामर्शदाता के रूप में नियुक्त किया गया है, इसके अलावा सहायक कर्मचारियों की सेवाएं बाहरी स्त्रोतों से ली गई है, ताकि प्राधिकरण अपने कार्यों का निर्वाह कर सके।

अध्यायः III

सक्षम प्राधिकारियों का सचिवालय

3.1 केन्द्र सरकार से अपेक्षित है कि वह प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल तथा अवशेष (धरोहर उप–विधियों का निर्माण और सक्षम प्राधिकारी के अन्य कार्य) नियम, 2011 के खंड 3 के अंतर्गत सक्षम प्राधिकारी के प्रत्येक कार्यालय के समुचित और कुशल संचालन के लिए सहायक, तकनीकी स्टाफ और प्रशासनिक स्टाफ उपलब्ध कराए, ताकि वे अपने उद्देश्यों को पूरा कर सकें।

3.2 संस्कृति मंत्रालय ने अपने कार्यालय ज्ञापन संख्या 33–71/2009–एम (खंड II) दिनांक 6 सितम्बर, 2010 के द्वारा भारत सरकार के संयुक्त सचिव स्तर वाले 'सक्षम प्राधिकारी' के 24 पदों के सृजन के लिए केन्द्रीय मंत्रिमंडल की स्वीकृति प्रदान की।

3.3 प्रारंभ में, एक अस्थायी व्यवस्था के रूप में, 24 राज्यों में निदेशक स्तर के अधिकारियों को कर्मचारियों की तदर्थ व्यवस्था के साथ सक्षम प्राधिकारी (सीए) के रूप में पदनामित किया गया था। इसके अलावा, एएसआई के 05 क्षेत्रीय निदेशकों (आरडी) को सक्षम प्राधिकारी (सीए) के रूप में घोषित किया गया था। ये आरडी कोलकाता, बेंगलुरु, दिल्ली, मुंबई और भोपाल से सक्षम प्राधिकारी (सीए) के रूप में कार्य कर रहे हैं। सक्षम प्राधिकारी के प्रत्येक कार्यालय में प्रारंभ से ही, राज्यों में नामित सक्षम प्राधिकारी (सीए) द्वारा राज्य सरकार के कर्मचारियों की सेवाएं लेने के अलावा, आउटसोर्स के आधार पर स्टाफ उपलब्ध कराने की तदर्थ व्यवस्था की गई है। वर्तमान में, प्राचीन संस्मारक और पुरातत्वीय स्थल तथा अवशेष अधिनियम, 1958 (2010 में यथा संशोधित) की धारा 2 के खंड (घख) के अंतर्गत अधिसूचित 05 सक्षम प्राधिकारी सहित कुल 34 नामित सक्षम प्राधिकारी हैं।

3.4 व्यय विभाग (डीओई) ने 07 जनवरी, 2022 के अपने आईडी नोट के द्वारा, संयुक्त सचिव स्तर के पद वाले सक्षम प्राधिकारी (सीए) के इन 24 पदों को बहाल करने पर सहमति न देते हुए, इन पदों को लेवल–12 (उप–सचिव स्तर) पर डाउनग्रेड करके सक्षम प्राधिकारी और निदेशक के पदों के सृजन के प्रस्ताव पर कार्रवाई करने की सलाह दी। तदनुसार, सक्षम प्राधिकारी (सीए) के कार्यालयों के लिए इन पदों के सृजन का प्रस्ताव, जैसा कि *अनुलग्नक–V* में विवरण दिया गया है, संस्कृति मंत्रालय को भेजा गया है ताकि इसे व्यय विभाग को उनके विचारार्थ और अनुमोदन के लिए आगे भेजा जा सके।

सक्षम प्राधिकारियों के कार्य

3.5 सक्षम प्राधिकारियों के कार्यालय के कर्तव्य और जिम्मेदारियां एएमएएसआर अधिनियम, 1958 (2010 में यथा संशोधित) की धारा 20घ और एएमएएसआर (धरोहर उप–विधियों का निर्माण और सक्षम प्राधिकारी के अन्य कार्य) नियम, 2011 के नियम 4 में निर्धारित हैं, जो 24 अगस्त, 2011 को लागू हुए। सक्षम प्राधिकारी (सीए) संरक्षित संस्मारकों और संरक्षित क्षेत्रों के विनियमित और प्रतिषिद्ध क्षेत्र में मरम्मत, जीर्णोद्धार, निर्माण और पुनः निर्माण के लिए आवेदनों पर कार्रवाई करने और उन्हे आगे अनुमोदन के लिए प्राधिकरण को भेजे जाने के लिए उत्तरदायी हैं। वे प्रमुख परियोजनाओं, जन–साधारण के लिए आवश्यक सार्वजनिक परियोजनाओं के लिए पुरातत्वीय मूल्यांकन रिपोर्ट और सर्वेक्षण रिपोर्ट प्राप्त करने, कार्यस्थल योजनाओं और धरोहर उप–विधियों के लिए समयबद्ध कार्यक्रम विकसित करने और संरक्षित संस्मारकों को वर्गीकृत करने के लिए भी जिम्मेदार हैं। इसके अतिरिक्त, वे प्रासंगिक जानकारी के साथ एक वेबसाइट बनाने और उसका प्रबंधन करने तथा आवेदनों, दी गई अनुमतियों, अस्वीकृत अनुमतियों, स्थल योजनाओं और धरोहर उप–विधियों के व्यापक अभिलेखों के रख–रखाव के लिए उत्तरदायी हैं।

अध्यायः IV

प्रवर्गीकरण और वर्गीकरण

4.1 प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम, 1958 (2010 में यथा संशोधित) की धारा 4क के अनुसार, प्राधिकरण धारा 3 और 4 के अंतर्गत राष्ट्रीय महत्व के रूप में घोषित प्राचीन संस्मारकों या पुरातत्वीय स्थलों और अवशेषों के संबंध में प्रवर्गीकरण के निर्धारण के लिए केंद्र सरकार को सिफारिश करेगा और ऐसा प्रवर्गीकरण निर्धारित करते समय वह ऐतिहासिक, पुरातत्वीय और स्थापत्य मूल्य और ऐसे अन्य कारक को ध्यान में रखेगा जो ऐसे प्रवर्गीकरण के प्रयोजन के लिए प्रासंगिक हो सकते हैं।

4.2 केन्द्रीय सरकार, प्राधिकरण की सिफारिश पर, निर्धारित प्रवर्गीकरण के अनुसार राष्ट्रीय महत्व के घोषित सभी प्राचीन संस्मारकों और पुरातत्वीय स्थलों तथा अवशेषों को वर्गीकृत करेगी और उसके बाद उन्हें जनता के लिए उपलब्ध कराएगी तथा अपनी वेबसाइट पर प्रदर्शित करेगी तथा अन्य तरीके से भी कार्रवाई करेंगे, जैसा वह उचित समझे।

4.3 राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण (प्राधिकरण के अध्यक्ष और सदस्यों की सेवा की शर्तें तथा कार्य संचालन) नियम, 2011 के नियम 6 की अनुसूची II के अनुसार, ऐतिहासिक, पुरातत्वीय, कलात्मक और स्थापत्य मूल्य तथा ऐसे अन्य प्रासंगिक कारकों के आधार पर राष्ट्रीय महत्व के रूप में घोषित प्राचीन संस्मारकों और पुरातत्वीय स्थलों का व्यापक प्रवर्गीकरण निम्नानुसार हैं:

प्रवर्ग I	यूनेस्को की विश्व धरोहर सांस्कृतिक स्थलों की सूची में अंकित संरक्षित संस्मारक/पुरातत्वीय स्थल।
प्रवर्ग II	विश्व धरोहर समिति द्वारा अनंतिम सूची में शामिल संरक्षित संस्मारक और पुरातत्व स्थल।
प्रवर्ग III	यूनेस्को की विश्व धरोहर अनंतिम सूची में शामिल करने के लिए पहचान किये गये संरक्षित संस्मारक और पुरातत्वीय स्थल ।
प्रवर्ग IV	टिकट वाले संरक्षित संस्मारक और पुरातत्वीय स्थल (विश्व धरोहर स्थलों और अनंतिम सूची में शामिल स्थलों को छोड़कर)।
प्रवर्ग V	प्रवेश शुल्क लेने के लिये पहचान किए गए वे संस्मारक और स्थल जहां आगंतुकों की पर्याप्त संख्या का आवागमन है
प्रवर्ग VI	जीवित संस्मारक जहां बड़ी संख्या में आगंतुक/तीर्थयात्री आते हैं।
प्रवर्ग VII	शहरी/अर्धशहरी सीमाओं और दूरदराज के गांवों में स्थित अन्य संस्मारक।
प्रवर्ग VIII	या अन्य ऐसे प्रवर्ग जिसे प्राधिकरण उचित समझे।

4.4 छह एएसआई परिमंडलों नामतः दिल्ली, भोपाल, चंडीगढ़, कोलकाता, वडोदरा और जबलपुर के 918 संरक्षित संस्मारकों और स्थलों का प्रवर्गीकरण पूरा हो चुका है और सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया जा चुका है। इसके अलावा, दस एएसआई परिमडंलों नामतः जयपुर, नागपुर लखनऊ, मुंबई, पटना, शिमला, सारनाथ, त्रिशूर, श्रीनगर और रायपुर में 870 अतिरिक्त संरक्षित संस्मारकों और स्थलों को भी प्रवर्गीकृत किया गया है। एनएमए द्वारा प्रवर्गीकृत संरक्षित संस्मारकों और स्थलों की संख्या 1788 है, जो देश में संरक्षित संस्मारकों और स्थलों की कुल संख्या का लगभग 50 प्रतिशत है।

अध्यायः V

अनुमति प्रदान करने के लिए आवेदनों पर कार्रवाई

5.1 प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष (एएमएएसआर) अधिनियम, 1958 (2010 में यथा संशोधित) की धारा 20घ के अनुसार, सक्षम प्राधिकारी (सीए) अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले केंद्रीय संरक्षित संस्मारकों के प्रतिषिद्ध क्षेत्र में मरम्मत या नवीनीकरण या विनियमित क्षेत्र में निर्माण या पुनर्निर्माण या मरम्मत या नवीनीकरण की अनुमति देने के लिए धारा 20ग के प्रावधानों के तहत आवेदन प्राप्त करते हैं। आवेदकों को एएमएएसआर (धरोहर उप–विधि का निर्माण और सक्षम प्राधिकारी के अन्य कार्य) नियम, 2011 में उपलब्ध निर्धारित फॉर्म–I में अपने आवेदन जमा करने होते है। निर्माण के प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण करने के बाद सक्षम प्राधिकारी (सीए) को एएमएएसआर (धरोहर उप–विधि का निर्माण और सक्षम प्राधिकारी के अन्य कार्य) नियम, 2011 में उपलब्ध निर्धारित फॉर्म–II के अनुसार अपनी सिफारिशें एनएमए को अग्रेषित करनी होती है।

5.2 केंद्रीय संरक्षित संस्मारकों (सीपीएम) के प्रतिषिद्ध क्षेत्र में मरम्मत या नवीनीकरण या विनियमित क्षेत्र में निर्माण या पुनः निर्माण या मरम्मत या नवीनीकरण के लिए अनुमति देने हेतु आवेदन पर कार्रवाई में प्रस्तावित कार्य पर अपनी रिपोर्ट के साथ आवेदन प्राप्ति के 15 दिनों के भीतर संबंधित सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्राधिकरण को आवेदन अग्रेषित करना शामिल है। सक्षम प्राधिकारी (सीए) की रिपोर्ट के आधार पर, प्राधिकरण अपनी सिफारिशें देते समय सक्षम प्राधिकारी (सीए) को ऐसे निर्माण के प्रभाव की जानकारी देता है और तदनुसार सक्षम प्राधिकारी (सीए) प्राधिकरण द्वारा की गई सिफारिश के अनुसार अनुमति देता है या तदनुसार निर्माण के लिये मना कर देता है। प्राधिकरण की सिफारिश को अंतिम माना जाता है। एएमएएसआर अधिनियम, 1958 (2010 में यथा संशोधित) के अनुसार अनापत्ति प्रमाण पत्र [(जिसे अब अनुमति देने की सिफारिश (आरजीपी) कहा जाता है] के लिए आवेदन करने के नियम *अनुलग्नक–VI* पर हैं ।

5.3 यदि प्राधिकरण की सिफारिश के आधार पर सक्षम प्राधिकारी (सीए) अनुमति देने से इंकार करने का निर्णय लेता है, तो उसे लिखित आदेश द्वारा, आवेदन प्राप्त होने की तिथि से तीन महीने के भीतर आवेदक को अस्वीकृति की सूचना देनी होगी, साथ ही आवेदक को सुनवाई का अवसर प्रदान करने के बाद प्राधिकरण को भी सूचित करना होगा। एन.एम.ए. अपनी वेबसाइट पर आर.जी.पी./एन.ओ.सी. बैठकों के अनुमोदित कार्यवृत्त अपलोड करता है, जिसमें दी गई या अस्वीकृत सभी अनुमतियों को सूचीबद्ध किया जाता है।

5.4 यदि अनुमति दे दी गई है, लेकिन बाद में निर्माण से संस्मारक के संरक्षण को खतरा होता है, तो सक्षम प्राधिकारी (सीए) प्राधिकरण से आगे की सिफारिशें मांग सकता है और संभवतः अनुमति वापस ले सकता है ।

5.5 एनएमए ने केंद्र सरकार की "कारोबार में सुगमता" पहल के तहत 28 अप्रैल, 2016 में प्रारंभ किए गए एनओएपीएस (एनएमए ऑनलाइन आवेदन और प्रसंस्करण प्रणाली) पोर्टल के माध्यम से एनओसी/आरजीपी जारी करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया है। यह प्रणाली उपग्रह आधारित रंग–कोडित क्षेत्रीय मानचित्रों के लिए BHUWAN पोर्टल और निर्माण स्थल निर्देशांक के लिए SMARAC मोबाइल ऐप सहित उन्नत ISRO तकनीक का उपयोग करती है, जिससे मंजूरी का समय 3½ महीने से घटकर सिर्फ़ 15 दिन रह जाता है। इसके अतिरिक्त, एनओएपीएस (एनएमए ऑनलाइन एप्लीकेशन एंड प्रोसेसिंग सिस्टम) को अक्टूबर 2022 में औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग (डीआईपीपी) की राष्ट्रीय एकल खिड़की प्रणाली के साथ एकीकृत किया गया है और अब यह 14 राज्यों अर्थात् आंध्र प्रदेश, गुजरात, हरियाणा, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब, ओडिशा, राजस्थान, तेलंगाना, उत्तराखंड, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु और एक केंद्र शासित प्रदेश अर्थात् दिल्ली और उसके राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में भी काम कर रही है।

27 सितंबर, 2024 को नई दिल्ली में आयोजित 454 वीं आरजीपी बैठक

5.6 30 सितंबर, 2024 तक एनएमए ने एनओसी/आरजीपी आवेदनों पर विचार करने के लिए 454 बैठकें कीं। प्राधिकरण ने सिंगल विंडो सिस्टम के तहत 04 शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) और नॉन सिंगल विंडो के तहत 1,416 यूएलबी के आवेदनों पर कार्रवाई की है। वर्तमान में, 3,065 सीपीएम के लिए सीसीजेडएम उपलब्ध हैं, जबकि 630 सीपीएम के लिए आंकड़े एएसआई से आने वाला है। 23 नवंबर, 2011 से 30 सितंबर, 2024 की अवधि के दौरान एनएमए में ऑफ़लाइन और ऑनलाइन मोड के माध्यम से प्राप्त आवेदनों की कुल संख्या और उनकी स्थिति निम्नानुसार है:

प्राप्त आवेदन और उसका निपटान
(23.11.2011 – 30.09.2024)

	ऑफलाइन	ऑनलाइन	कुल
प्राप्त आवेदन	15,980	3,704	19,515
एनओसी/आरजीपी की सिफारिश की गई	11,800	2,863	14,663

5.7 ऑनलाइन आवेदन और प्रसंस्करण प्रणाली–एनओएपीएस की शुरूआत से पिछले तीन वर्षों में ऑनलाइन आवेदनों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वर्ष 2023–24 में, ऑनलाइन जमा किए गए आवेदनों का प्रतिशत बढ़कर 81 प्रतिशत हो गया, जो वित्तीय वर्ष 2021–22 में केवल 46 प्रतिशत की तुलना में महत्वपूर्ण वृद्धि है। यह आवेदन प्रसंस्करण के लिए डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म पर बढ़ती निर्भरता को उजागर करता है, जो आवेदनों के प्रसंस्करण में अभिगम्यता और दक्षता बढ़ाने में एनओएपीएस की प्रभावशीलता को दर्शाता है जैसा कि नीचे दी गई तालिका से स्पष्ट है:

प्राप्त आवेदन और उनका निपटान (01.04.2021–31.03.2024)						
अवधि	ऑनलाइन प्राप्त आवेदन	ऑफ़लाइन प्राप्त आवेदन	कुल प्राप्त आवेदन (2+3)	अनुमति के लिए अनुशंसित मामले	अनुपालन हेतु वापस भेजे गये मामले	अस्वीकार कर दिये गये मामले
1	2	3	4	5	6	7
2021–22	431	682	1,113	920	132	61
2022–23	641	694	1,335	910	304	121
2023–24	989	860	1,849	1223	518	108
कुल	2,061	2,236	4,297	3,053	954	290

5.8 उपरोक्त तालिका से यह भी देखा जा सकता है कि एएमएएसआर अधिनियम, 1958 (2010 में यथा संशोधित) के प्रावधानों के अनुसार 71 प्रतिशत आवेदनों को अनुमति प्रदान करने के लिए अनुशंसित किया गया था, जबकि 22 प्रतिशत आवेदनों को आवेदकों/सक्षम प्राधिकारी (सीए) से अनुपालन की आवश्यकता वाली टिप्पणियों के साथ वापस भेज दिया गया था और 07 प्रतिशत आवेदनों को अस्वीकार कर दिया गया था। यह आवेदन प्रक्रिया की समग्र प्रभावशीलता को उजागर करता है, जिसके अतंर्गत अधिकतर मामलों को मंजूरी प्रदान की गई है और आवश्यक होने पर अनुपालन और निगरानी भी की जाती है।

अध्यायः VI

धरोहर उप–विधि

6.1 प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम, 1958 (2010 में यथा–संशोधित) की धारा 20ड़ और प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष (धरोहर उप–विधियों का निर्माण और सक्षम प्राधिकारी के अन्य कार्य) नियम, 2011 के नियम 22 में राष्ट्रीय महत्व के रूप में घोषित संरक्षित संस्मारकों और संरक्षित क्षेत्रों के लिए धरोहर उप–विधि (एचबीएल) तैयार करने को निर्दिष्ट किया गया है। एचबीएल तैयार करने के लिए नियमों में मापदंडों का उल्लेख किया गया है। राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण (प्राधिकरण के अध्यक्ष और सदस्यों की सेवा की शर्तें और कार्यप्रणाली) नियम, 2011 के नियम 18 में प्राधिकरण द्वारा एचबीएल के अनुमोदन और उनके संसद में रखे जाने की प्रक्रिया को निर्दिष्ट किया गया है।

6.2 एचबीएल का उद्देश्य संरक्षित संस्मारकों की सभी दिशाओं में 300 मीटर के भीतर भौतिक, सामाजिक और आर्थिक हस्तक्षेपों का मार्गदर्शन करना है। तीन सौ मीटर के क्षेत्र को दो भागों में विभाजित किया गया है (i) प्रतिषिद्ध क्षेत्र, जो संरक्षित क्षेत्र या संरक्षित संस्मारक की सीमा से शुरू होकर सभी दिशाओं में 100 मीटर की दूरी तक फैला हुआ क्षेत्र है और (ii) विनियमित क्षेत्र, जो प्रतिषिद्ध क्षेत्र की सीमा से शुरू होकर सभी दिशाओं में 200 मीटर की दूरी तक फैला हुआ क्षेत्र है। एचबीएल में धरोहर नियंत्रण से संबंधित मामले जैसे कि ऊंचाई, अग्रभाग, जल निकासी प्रणाली, सड़कें और सेवा अवसंरचना विकास आदि शामिल होंगे।

6.3 एएमएएसआर अधिनियम, 1958 (2010 में यथा–संशोधित) की धारा 20ड़ (1) के अनुसार सक्षम प्राधिकारी भारतीय न्यास अधिनियम, 1882 (1882 का 2) के तहत एक पंजीकृत न्यास भारतीय राष्ट्रीय कला एवं सांस्कृतिक धरोहर न्यास या केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित ऐसे अन्य धरोहर विशेषज्ञ निकायों के परामर्श से संरक्षित संस्मारकों और संरक्षित क्षेत्रों के संबंध में एचबीएल तैयार करेगा। संस्मारक विशिष्ट एचबीएल तैयार करने की प्रक्रिया को तेज करने के लिए देश के सभी क्षेत्रों में विशेषज्ञ धरोहर निकायों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्राधिकरण ने अपेक्षित अनुभव और विशेषज्ञता रखने वाले ऐसे पर्याप्त संख्या में निकायों को अधिसूचित करने की पहल की है।

अधिसूचित धरोहर निकाय

6.4 भारतीय राष्ट्रीय कला एवं संस्कृति धरोहर न्यास (इंटैक), भारतीय न्यास अधिनियम, 1882 के तहत पंजीकृत एक न्यास है, जिसे शुरू में एएमएएसआर अधिनियम, 1958 (2010 में यथा–संशोधित) की धारा 20ड़ के तहत एक विशेषज्ञ धरोहर निकाय के रूप में अधिसूचित किया गया था। इसके बाद वर्ष 2022 तक एचबीएल के धरोहर परामर्श के उद्देश्य से 47 धरोहर निकायों (इंटैक को छोड़कर) को अधिसूचित किया गया था। वर्ष 2023–24 के दौरान 24 अन्य संस्थानों/निकायों को अधिसूचित किया गया है। कुल मिलाकर इंटैक सहित 72 धरोहर निकाय हैं और इनकी राजपत्र अधिसूचनाएँ *अनुलग्नक–VII* में हैं ।

संसद में रखे गए धरोहर उप–विधि (एचबीएल)

6.5 वर्ष 2022 तक 33 संरक्षित संस्मारकों को कवर करने वाली 7 एचबीएल संसद के दोनों सदनों के समक्ष रखी गई थी। वर्ष 2023–24 के दौरान 11 संरक्षित संस्मारकों को कवर करने वाली 11 और एचबीएल संसद के दोनों सदनों के समक्ष रखी गईं, जिससे 44 संरक्षित संस्मारकों को कवर करने वाली अधिसूचित एचबीएल की कुल संख्या 18 हो गई, जैसा कि *अनुलग्नक–VIII* में विवरण दिया गया है।

6.6 वर्ष 2024 में 54 संरक्षित संस्मारकों को शामिल करते हुए 37 एचबीएल को राज्य सभा में रखा गया, लेकिन इन्हें लोक सभा में नहीं रखा जा सका। इसके बाद 57 संरक्षित संस्मारकों को शामिल करते हुए 53 एचबीएल को प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित किया गया है, जिन्हें यथा समय संसद के समक्ष रखा जाएगा।

धरोहर उप–विधि (एचबीएल) तैयार करने में तेजी

6.7 संसदीय स्थायी समिति की सिफारिशों पर द्वि–आयामी दृष्टिकोण अपनाकर एचबीएल तैयार करने में तेजी लाने की प्रक्रिया अगस्त, 2022 में शुरू की गई थी। तदनुसार, सक्षम प्राधिकारियों (क्षेत्रीय निदेशक, एएसआई) द्वारा तैयार किए गए 115 मसौदा एचबीएल को सक्षम वित्तीय प्राधिकारी द्वारा तय की गई न्यूनतम दर के अनुमोदन के बाद धरोहर परामर्श के लिए 19 अधिसूचित धरोहर निकायों को सौंपा गया था। 150 संरक्षित संस्मारकों को कवर करने वाले सभी 115 मसौदा एचबीएल की धरोहर परामर्श रिपोर्ट वर्ष 2023–24 में प्राप्त हुई थी।

6.8 इसके अतिरिक्त अधिसूचित विशेषज्ञ धरोहर निकायों द्वारा एचबीएल के प्रारंभिक मसौदे तैयार करने और उसके बाद सक्षम प्राधिकारी के रूप में एएसआई के संबंधित क्षेत्रीय निदेशकों द्वारा जांच करने के दूसरे दृष्टिकोण के अनुसार विभिन्न क्षेत्रों में "अनुरोध प्रस्ताव" (आरएफपी) रूट के माध्यम से 153 संरक्षित संस्मारकों को कवर करने वाले अन्य 114 एचबीएल तैयार करने का कार्य शुरू किया गया है, जिसका विवरण नीचे दिया गया है: –

क्षेत्रवार धरोहर उप–विधि तैयार करने संबंधी प्रगति

क्र.सं.	क्षेत्र का नाम	एचबीएल की संख्या	कवर संस्मारक
1.	केन्द्रीय क्षेत्र	22	29
2.	उत्तरी क्षेत्र	26	28
3.	दक्षिणी क्षेत्र	30	46
4.	पूर्वी क्षेत्र	23	29
5.	पश्चिमी क्षेत्र	13	21
कुल		**114**	**153**

संरक्षित संस्मारकों की स्थल योजनाओं की उपलब्धता

6.9 प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष (धरोहर उप–विधियां तैयार करना और सक्षम प्राधिकारी के अन्य कार्य) नियम, 2011 के नियम 21 के उप–नियम (1) के अनुसार महानिदेशक, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को विशेषज्ञों और परामर्शदाताओं की सहायता से विस्तृत स्थल योजना तैयार करने के उद्देश्य से 10 वर्ष की अवधि (जी.एस.आर. 3(ई), दिनांक 27 दिसंबर, 2018 द्वारा समर्थित) के भीतर प्रत्येक संरक्षित संस्मारक और संरक्षित क्षेत्र के सभी प्रतिषिद्ध क्षेत्रों, विनियमित क्षेत्रों के संबंध में सर्वेक्षण कराना अपेक्षित था। प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष (धरोहर उप–विधि का निर्माण और सक्षम प्राधिकारी के अन्य कार्य) नियम, 2011 के नियम 21 की पहली अनुसूची में निर्धारित मापदंडों के अनुसार इन संस्मारक विशिष्ट स्थल योजनाओं की उपलब्धता, संस्मारक विशिष्ट धरोहर उप–विधि तैयार करने के लिए महत्वपूर्ण प्रारंभिक बिंदु है। एएसआई और एनएमए के बीच सक्रिय दृष्टिकोण से एचबीएल तैयार करने की प्रक्रिया में तेजी आई है।

6.10 प्रथम कदम के रूप में एनएमए ने निर्धारित मापदंडों के अनुसार संस्मारकों की स्थल विशिष्ट योजना तैयार करने में आने वाली बाधाओं की पहचान करने के लिए एएसआई सर्किलों से सीधे संपर्क करने के लिए एक सक्रिय

दृष्टिकोण अपनाने का निर्णय लिया। तदनुसार एएसआई के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करके एनएमए के संरक्षण वास्तुविदों द्वारा स्थल योजनाओं का स्वयं सत्यापन किया गया। ये दौरे स्थल योजनाओं से संबंधित विशिष्ट महत्वपूर्ण मुद्दों जैसे मानक प्रतीकों, रंग कोड का उपयोग न करना, स्थल योजनाओं में संरक्षित संस्मारकों के नामों में संबंधित राजपत्र अधिसूचनाओं के नामों से संबंधित विसंगतियां, संरक्षित क्षेत्र, प्रतिषिद्ध क्षेत्र और विनियमित क्षेत्र की सीमाओं के चित्रण में स्पष्टता की कमी, स्थानीय राजस्व अधिकारियों द्वारा सीमांकन में विसंगति तथा संरक्षित, प्रतिषिद्ध और विनियमित क्षेत्रों में सभी संरचनाओं एवं विशेषताओं का मानचित्रण न करना, की पहचान करने में बेहद फायदेमंद साबित हुए।

क्षमता निर्माण कार्यशालाएं

6.11 तदनुसार 01 नवंबर, 2023 को महानिदेशक, एएसआई के कार्यालय में आयोजित एक बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया कि क्षेत्रवार क्षमता निर्माण कार्यशालाएँ आयोजित की जाएँ, जिनमें सटीक स्थल योजनाएँ तैयार करने की अनिवार्यताओं पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा तथा इनमें पुरातत्वविदों (एसए) और एएसआई सर्किलों के सर्वेक्षकों को शामिल किया जाएगा। एनएमए विशेषज्ञों की एक टीम सुलभ स्थानों पर ऑन–साइट प्रशिक्षण आयोजित करेगी, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि प्रतिभागियों को व्यावहारिक शिक्षा और विशेषज्ञ मार्गदर्शन से लाभ मिल सके। इस पहल का उद्देश्य सटीक स्थल योजना तैयार करने के लिए आवश्यक कौशल को बढ़ाना था, जो अंततः सुव्यवस्थित एचबीएल तैयार करने में सहायता करता है।

6.12 निर्णय के अनुरूप एनएमए और एएसआई द्वारा संयुक्त रूप से एएसआई के अधीक्षण पुरातत्वविदों और उनके सर्वेक्षकों/संबंधित कर्मचारियों के लिए "धरोहर उप–विधियों के लिए स्थल योजनाओं की तैयारी" पर चार क्षमता निर्माण कार्यशालाएँ आयोजित की गईं। इन कार्यशालाओं में विषय विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान भी दिए गए, जिन्होंने स्थल योजनाओं को तैयार करने की नवीनतम तकनीकों पर चर्चा की।

6.13 पहली क्षमता निर्माण कार्यशाला 16 नवंबर, 2023 को एएसआई ऑडिटोरियम, नई दिल्ली में हुई। इसकी अध्यक्षता एनएमए के अध्यक्ष ने की। एएसआई के अतिरिक्त महानिदेशक (संरक्षण) और संयुक्त महानिदेशक (संस्मारक) के साथ–साथ एएसआई के क्षेत्रीय निदेशक (उत्तर) भी इसमें शामिल हुए। आगरा, चंडीगढ़, देहरादून, शिमला, श्रीनगर और मेरठ सर्किलों के अधीक्षण पुरातत्वविदों (एसए) के साथ–साथ दिल्ली, जयपुर, जोधपुर और लेह मिनी सर्किलों के सर्वेक्षकों ने भी कार्यशाला में भाग लिया।

16 नवम्बर, 2023 को नई दिल्ली में आयोजित कार्यशाला

6.14 दूसरी कार्यशाला 23 नवंबर, 2023 को क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र, सरकारी लेखा एवं वित्त संस्थान (आईएनजीएएफ), कोलकाता में आयोजित की गई। इसमें क्षेत्रीय निदेशक (पूर्व) और उनके कर्मचारियों के साथ–साथ पटना, रायगंज, रांची और आइजोल सर्किलों के अधीक्षण पुरातत्वविदों (एसए) के साथ–साथ भुवनेश्वर, पुरी, गुवाहाटी और कोलकाता सर्किलों के सर्वेक्षकों ने भाग लिया।

23 नवंबर, 2023 को कोलकाता में आयोजित कार्यशाला

6.15 तीसरी कार्यशाला 06 फरवरी, 2024 को क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र, आईएनजीएएफ, चेन्नई में आयोजित की गई जिसका उद्घाटन अध्यक्ष, एनएमए ने किया। इसमें चेन्नई, तिरुचिरापल्ली, कोलकाता, त्रिची, बैंगलोर, अमरावती, गोवा, धारवाड़ और हैदराबाद सर्किलों के अधीक्षण पुरातत्वविदों (एसए) ने भाग लिया।

06 फरवरी, 2024 को चेन्नई में आयोजित कार्यशाला

6.16 चौथी कार्यशाला 08 फरवरी, 2024 को मुंबई में क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र, आईएनजीएएफ में शेष अधीक्षण पुरातत्वविदों (एसए) और सर्वेक्षकों के लिए आयोजित की गई। इसमें एएसआई के संयुक्त महानिदेशक (संस्मारक), एएसआई के क्षेत्रीय निदेशक (पश्चिम), एएसआई के क्षेत्रीय निदेशक (दक्षिण) और एएसआई के जोधपुर, लखनऊ, भोपाल, गुवाहाटी, नागपुर, जबलपुर और जयपुर सर्किलों के अधीक्षण पुरातत्वविदों के साथ–साथ झांसी, वडोदरा, राजकोट, मुंबई, औरंगाबाद, आगरा, रायपुर, सारनाथ और जोधपुर सर्किलों के सर्वेक्षकों ने भाग लिया।

08 फरवरी, 2024 को मुंबई में आयोजित कार्यशाला

6.17 ये कार्यशालाएँ अत्यंत लाभकारी रहीं तथा प्रतिभागियों ने उच्च स्तर की संतुष्टि व्यक्त की। उन्होंने बताया कि कार्यशालाओं ने कई चल रही अनिश्चितताओं का समाधान किया, मौजूदा मुद्दों को सुलझाया और प्राप्त ज्ञान से सशक्त होकर आत्मविश्वास की नई भावना पैदा की। इन कार्यशालाओं का सकारात्मक प्रभाव अगले महीनों में स्पष्ट हो गया, क्योंकि निर्धारित मापदंडों के अनुसार सटीक स्थल योजनाएं प्रस्तुत करने में अच्छी वृद्धि हुई। गुणवत्ता में इस वृद्धि ने न केवल एचबीएल तैयार करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया, बल्कि अधिक प्रभावी संरक्षण प्रयासों में भी योगदान दिया।

अध्यायः VII

वित्त एवं बजट

7.1 एनएमए, वेतन एवं लेखा कार्यालय (पीएओ), संस्कृति मंत्रालय के भुगतान नियंत्रण के अंतर्गत एक गैर–चेक डीडीओ (एनसीडीडीओ) के रूप में कार्य कर रहा है। संस्कृति मंत्रालय का बजट प्रभाग व्यय आवश्यकताओं के प्रक्षेपण के आधार पर विभिन्न लेखा शीर्षों के अंतर्गत एनएमए को बजट आवंटित करता है।

बजट आवंटन

7.2 वित्तीय वर्ष 2023–24 में संस्कृति मंत्रालय ने विभिन्न लेखा शीर्षों के अंतर्गत एनएमए को कुल 17.94 करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया है। एनएमए को आवंटित कुल बजट में से 8.92 करोड़ रुपए देश भर में सक्षम प्राधिकारियों के कार्यालयों के लिए तथा शेष 9.02 करोड़ रुपए एनएमए मुख्यालय के लिए हैं।

7.3 बाद में संशोधित अनुमानों के अनुसार बजट को संशोधित करके 12.23 करोड़ रुपये (एनएमए के लिए 10.58 करोड़ रुपये और सक्षम प्राधिकारियों के लिए 1.65 करोड़ रुपये) कर दिया गया। संशोधित अनुमान चरण पर सक्षम प्राधिकारियों के लिए आवंटन में कमी सक्षम प्राधिकारियों के नियमित कार्यालयों का संचालन न होने के कारण हुई थी। एनएमए और सक्षम प्राधिकारियों को आवंटित कुल बजट में से वित्तीय वर्ष 2023–24 में कुल व्यय 11.89 करोड़ रुपये था जो संशोधित बजट अनुमानों का 97 प्रतिशत था।

7.4 वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए एनएमए और सक्षम प्राधिकारियों के संबंध में संस्कृति मंत्रालय द्वारा आवंटित बजट और किया गया व्यय निम्नानुसार हैः

(लाख रुपये में)

कार्यालय का नाम	बजट अनुमान (बीई)	संशोधित अनुमान (आरई)	व्यय	व्यय बनाम संशोधित अनुमान का %
एनएमए	902.00	1058.03	1025.41	97%
सक्षम प्राधिकारी	892.00	165.65	163.60	99%
कुल	1794.00	1223.68	1189.01	97%

7.5 वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए मद शीर्षवार बजट की तुलना में व्यय, विशेष रूप से एनएमए मुख्यालय और सक्षम प्राधिकारियों के कार्यालयों के लिए, *अनुलग्नक–IX* में है।

वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए संशोधित अनुमान की तुलना में कुल व्यय का प्रतिशत दर्शाने वाला बार चार्ट



7.6 बहाल किए गए पद के विरुद्ध प्रतिनियुक्ति आधार पर एक प्रशासनिक अधिकारी की नियुक्ति होने के परिणामस्वरूप वित्तीय वर्ष 2023–24 के दौरान एनएमए के पास इसकी स्थापना के बाद से पहली बार अपना स्वयं का आहरण एवं संवितरण अधिकारी (डीडीओ) था, इससे वेतन एवं लेखा कार्यालय, संस्कृति मंत्रालय को भुगतान के लिए सभी बिलों की इन–हाउस प्रोसेसिंग संभव हो गई, जिससे सभी दावों के समय पर निपटान के लिए भुगतान की प्रक्रिया में तेजी आई।

7.7 वित्तीय वर्ष 2023–24 के दौरान एनएमए मुख्यालय के लिए एंड–टू–एंड डिजिटल भुगतान को सक्षम करने के लिए लेखा महानियंत्रक के पीएफएमएस पोर्टल की ई–बिल प्रणाली भी लागू की गई। एकीकृत ई–ऑफिस एप्लिकेशन के साथ एकीकरण के माध्यम से सक्षम प्राधिकारियों के सभी कार्यालयों को शामिल करने के लिए ई–बिल प्रणाली का विस्तार करने का प्रस्ताव है।

अध्यायः VIII

राजभाषा नीति का कार्यान्वयन

8.1 एनएमए 10 मई, 1963 को अधिनियमित राजभाषा अधिनियम, 1963 जिसके अन्तर्गत सरकारी दस्तावेजों और पत्राचार के लिए हिंदी और अंग्रेजी के प्रयोग को अनिवार्य बनाया गया है, के अंतर्गत केन्द्र सरकार की राजभाषा नीति का पालन करती है।

8.2 दो परामर्शदाताओं (राजभाषा) की नियुक्ति होने पर एनएमए ने वित्तीय वर्ष 2023–24 में राजभाषा नीति के कार्यान्वयन में उल्लेखनीय प्रगति की है। प्रमुख उपलब्धियों में राजभाषा कार्यान्वयन समिति का गठन शामिल है, जिसमें प्रगति की समीक्षा के लिए वर्ष के दौरान 17 मई, 2023, 04, सितंबर, 2023, 12 दिसंबर, 2023 और 27 मार्च, 2024 को तिमाही बैठकें नियमित रूप से आयोजित कीं गई। इस अवधि के दौरान 459 द्विभाषी दस्तावेज जारी किए गए, हिंदी में प्राप्त 829 पत्रों में से 58 का उत्तर हिंदी में दिया गया और 2442 टिप्पणियां में से 777 टिप्पणियां हिंदी में दर्ज की गईं। इसके अतिरिक्त एनएमए ने 534 पत्र हिंदी में, 1341 पत्र अंग्रेजी में और 534 पत्र द्विभाषी रूप में जारी किए। उल्लेखनीय है कि इस अवधि के दौरान अनुमति प्रदान करने की सिफारिश (आरजीपी) की सभी बैठकों के कार्यवृत्त का हिंदी में अनुवाद किया गया और एनएमए वेबसाइट पर अपलोड किया गया। इसके अतिरिक्त एनएमए द्वारा अनुमोदित सभी एचबीएल का भी संसद में रखने की प्रक्रिया शुरू करने से पहले हिंदी में अनुवाद किया गया।

8.3 एनएमए ने हिंदी में कार्य को बढ़ाने के लिए 24 मई और 15 सितंबर, 2023 को क्षमता निर्माण हिंदी कार्यशालाओं का आयोजन किया। उपर्युक्त नीति के अनुरूप 14 से 29 सितंबर, 2023 तक हिंदी पखवाड़ा आयोजित किया गया जिसमें एनएमए के कर्मचारियों के लिए कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं और तिमाही प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से संस्कृति मंत्रालय को भेजी गई। इस अवधि के दौरान संस्कृति मंत्रालय द्वारा राजभाषा निरीक्षण किया गया और राजभाषा नीति के समग्र अनुपालन को बढ़ाने के लिए जांच–बिंदुओं को लागू किया गया।

14 से 29 सितम्बर तक चलने वाले हिन्दी पखवाड़े पर पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

8.4 एनएमए ने संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित हिंदी सलाहकार समिति की बैठक, हिंदी कार्यशाला और पुणे में आयोजित तीसरे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में भी भाग लिया।

अध्यायः IX

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005, लोक शिकायतें, वीआईपी संदर्भ और कानूनी मामले

9.1 सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम, 2005 का मूल उद्देश्य सरकार के कामकाज में पारदर्शिता लाने और जवाबदेही को बढ़ावा देने, भ्रष्टाचार को नियंत्रित करने और हमारे लोकतंत्र को वास्तविक अर्थों में लोगों के लिए काम करने लायक बनाने के लिए नागरिकों को सूचना के माध्यम से सशक्त बनाना है। एक जागरूक नागरिक शासन के साधनों पर आवश्यक निगरानी रखने और सरकार को शासितों के प्रति अधिक जवाबदेह बनाने के लिए बेहतर ढंग से सुसज्जित होगा। अधिनियम ने एक व्यावहारिक व्यवस्था बनाई है जिसके माध्यम से देश के नागरिकों को सार्वजनिक प्राधिकारियों के नियंत्रण में सूचना तक पहुँच मिल सकती है।

9.2 सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 5(1) और 19(1) के अनुसार एनएमए ने अपने कार्यालय आदेश संख्या एफ. सं.11–31/2022–एनएमए/आरटीआई (ई–18867) दिनांक 10 जुलाई, 2023 के माध्यम से अधिकारियों/परामर्शदाताओं को केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी (सीपीआईओ) और प्रथम अपीलीय प्राधिकारी (एफएए) के रूप में नामित किया है। विशिष्ट पदनामों का विवरण *अनुलग्नक–X* में दिया गया है, जिसमें सीपीआईओ और एफएए को उनकी संबंधित इकाइयों की जिम्मेदारियों के आधार पर नियुक्त किया गया है।

9.3 परामर्शदाता (विधि) आरटीआई अधिनियम, 2005 की धारा 5(2) के अंतर्गत नोडल अधिकारी है। वह ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से आरटीआई आवेदनों और अपीलों को प्राप्त करने और उन्हें संबंधित सीपीआईओ और एफएए को अग्रेषित करने के लिए जिम्मेदार है।

9.4 इसके अतिरिक्त एनएमए के कार्यालय आदेश संख्या एफ. सं. 11–31/2022–एनएमए/आरटीआई–एफएए (ई–2443) दिनांक 25 जुलाई, 2023 के तहत आरटीआई अधिनियम, 2005 के अंतर्गत संबंधित सक्षम प्राधिकारियों के लिए अधिकारियों को सीपीआईओ और एफएए के रूप में नामित किया गया है।

9.5 वित्तीय वर्ष 2023–24 के दौरान एनएमए को 105 ऑनलाइन आरटीआई आवेदन और 34 ऑफ़लाइन आरटीआई आवेदन प्राप्त हुए। सभी का निर्धारित समय सीमा के भीतर निपटारा किया गया। 12 ऑनलाइन प्रथम अपीलें भी प्राप्त हुईं और उनका भी निर्धारित समय सीमा के भीतर निपटारा किया गया।

लोक शिकायतें

9.6 एनएमए केंद्रीयकृत लोक शिकायत निवारण एवं निगरानी प्रणाली (सीपीजीआरएएमएस) जो प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग (डीएआरपीजी) के सहयोग से एनआईसी द्वारा विकसित एक वेब–आधारित पोर्टल है, के माध्यम से लोक शिकायतों का प्रबंधन करता है। परामर्शदाता (विधि) इन शिकायतों से निपटने के लिए नोडल अधिकारी के रूप में कार्य करते हैं। वित्तीय वर्ष 2023–24 के दौरान, सीपीजीआरएएमएस के माध्यम से प्राप्त सभी 85 लोक शिकायतों की जांच की गई और केंद्र सरकार द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार उनका निपटारा किया गया।

वीआईपी संदर्भ

9.7 वित्तीय वर्ष 2023–24 के दौरान एनएमए को 18 वीआईपी संदर्भ प्राप्त हुए और उनका उत्तर दिया गया, जिसमें नीतिगत मामले, व्यक्तिगत शिकायतें और अनुमोदन अनुरोध जैसे विभिन्न मुद्दे शामिल थे। सभी संदर्भों को निर्दिष्ट समय सीमा के भीतर निपटाया गया, जो उच्च प्राथमिकता वाले मामलों के प्रबंधन में पारदर्शिता और जवाबदेही के प्रति एनएमए की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

विधि इकाई

9.8 एनएमए में एक समर्पित विधि अनुभाग है जो संगठन से जुड़े अदालती मामलों से संबंधित सभी कानूनी मामलों के प्रबंधन के लिए जिम्मेदार है। यह अनुभाग सर्वोच्च न्यायालय की केंद्रीय रजिस्ट्री, विभिन्न उच्च न्यायालयों, न्यायाधिकरणों, विधि एवं न्याय मंत्रालय और अन्य मंत्रालयों के साथ समन्वय करता है। इसे लीगल इंफार्मेशन ब्रीफिंग सिस्टम 2.0 (LIMBS 2.0) के माध्यम से लंबित अदालती मामलों की जानकारी संकलित करने और निगरानी करने का काम सौंपा गया है। परामर्शदाता (विधि) LIMBS में अदालती मामलों के डेटा की देखरेख के लिए नोडल अधिकारी के रूप में कार्य करते हैं। वर्तमान में एनएम से जुड़े 20 लंबित अदालती मामले हैं जिनमें 8 नए मामले शामिल हैं। वित्तीय वर्ष 2023–24 के दौरान 08 मामले जिनमें एनएमए प्रतिवादी था, का निपटारा कर दिया गया है।

CHAPTER : I
INTRODUCTION

1.1 The National Monuments Authority (NMA) was constituted by enactment of the Ancient Monuments and Archaeological Sites and Remains (Amendment & Validation) Act, 2010, under the principal Act, the Ancient Monuments and Archaeological Sites and Remains (AMASR) Act, 1958. The Gazette Notification to this effect was published in Gazette of India (Extraordinary) on 30th March, 2010, after receiving the assent of the President on 29th March, 2010.

1.2 Accordingly, Ministry of Culture (MoC) vide its office memorandum No.33-71/2009-M (Vol.II) dated 06th September, 2010 conveyed the approval of Union Cabinet for establishment of NMA and 24 Competent Authorities (CAs) each with jurisdiction co-terminus with a Circle of Archaeological Survey of India (ASI) to assist NMA in discharging its functions. The said OM also conveyed the approval for creation of 12 posts in the NMA as detailed in *Annexure-I*.

1.3 The Authority became functional on 23rd November, 2011 with conduction of first meeting of NOC [(now called as Recommendation for Grant of Permission (RGP)] chaired by Ms. Meera Ishwar Dass, the then Whole-Time Member, in the absence of Chairperson, NMA, where five cases were considered under the provisions of AMASR Act, 1958 (as amended in 2010).

GENESIS OF NMA

1.4 To ensure the orderly preservation, conservation, protection and maintenance of all ancient monuments and archaeological sites and remains declared as of national importance, as well as their surrounding areas up to a specified limit, while accommodating urbanization and development, the Central Government established the NMA and CA at State level, to regulate the construction activities in the prohibited and regulated areas.

COMPOSITION OF NMA

1.5 As per Section 20F of the AMASR Act, 1958 (as amended in 2010), the Authority shall consist of a Chairperson, on whole time basis, a maximum of 05 Whole-Time Members and 05 Part-Time Members, the Director-General, ASI as member ex-officio and a Member Secretary not below the rank of Joint Secretary to the Government of India.

1.6 The Chairperson having experience and expertise in the fields of archaeology, country and town planning, architecture, heritage, conservation-architecture or law, shall be appointed by the President. Professor Kishor K. Basa is the current Chairperson of NMA who assumed the charge on 23rd November, 2022.

1.7 The Whole-Time Members and Part-Time Members having proven experience and expertise in the fields of archaeology, country and town planning, architecture, heritage, conservation-

architecture or law, shall be appointed by the Central Government, on the recommendation of the Selection Committee consisting of Cabinet Secretary- (Chairperson, ex-officio); Secretary, Ministry of Culture - (Member, ex-officio); Secretary, Ministry of Urban Development-(Member; ex-officio); and three experts, having proven experience and expertise in the fields of archaeology, architecture, heritage or conservation-architecture to be nominated by the Central Government, referred to in Section 20-G. Currently, there is only one Whole-Time Member namely Shri T. N. Tiwari who assumed the charge on 25th May, 2023 along with Two Part-Time Members namely Shri Hemraj Ramniklal Kamdar and Prof. M. Kailasa Rao, who assumed the charge on 24th February, 2022 and 29th March, 2022, respectively.

1.8 The tenure of the whole-time Chairperson or every Whole-Time Member and every Part-Time Member, of the Authority shall be three years from the date on which he assumes office as such and shall not be eligible for re-appointment.

1.9 The list of former Chairpersons, Whole-Time Members and Part-Time Members are at *Annexure-II*.

CHAPTER : II
FUNCTIONS & POWERS OF NMA

2.1 The primary function of NMA is to implement the statutory provisions of prohibited and regulated areas of ancient monuments and archaeological sites and remains declared as of national importance (also referred to as protected monuments and sites or centrally protected monuments and protected areas) for the purpose of construction, re-construction, repair & renovation of buildings, structures, public projects or project essential the public. In addition, NMA has been mandated to approve monument specific Heritage Bye-Laws (HBLs) to regulate construction related activities around centrally protected monuments and protected areas. The HBLs shall inter-alia include matters relating to heritage controls such as elevation, façade, drainage systems, roads and service infrastructure. The heritage bye-laws are required to be laid before each House of Parliament. The NMA has also been given the responsibility of categorization and classification of ancient monuments or archaeological sites and remains declared as of national importance in consultation with ASI having regard to the historical, archaeological, architectural and other such relevant factors. For the purpose of discharging its mandated functions, NMA oversees the working of the CAs at field level. Besides, NMA is also mandated to suggest measures for implementations of the provisions of AMASR Act, 1958.

2.2 For discharging its functions under the Act, NMA has the same powers as of a civil court under the Code of Civil Procedure, 1908. This includes summoning and enforcing attendance of individuals, examining them under oath, requiring the discovery and production of documents, and addressing any other prescribed matters.

SECRETARIAT OF NMA

2.3 The Central Government is required to provide such numbers of officers and other employees as may be necessary for proper and efficient functioning of Authority under sub section (5) of Section 20F of AMASR Act, 1958 to enable it to achieve its objectives.

2.4 The Department of Expenditure (DoE) vide its ID no. 8777849 /E.C.I (2)/2010 date 18th January, 2011 sanctioned 12 posts (excluding the post of Member Secretary) in the NMA. The said sanctioned posts, could not be filled up / operationalized by NMA immediately within the prescribed period of 05 years of their sanction owing to lack of infrastructural arrangement and thus lapsed. However, on persistent follow up, DoE, Ministry of Finance (MoF), vide its I.D. Note No. 12(14)/Culture/E/Coord.I/2020 dated 07th March, 2022 revived 05 posts in NMA. Subsequently, DoE, MoD vide its ID No. 12(14)/Culture/E/Coord.I /2020 dated 08th May, 2023 revived remaining 07 posts in NMA. The details of 12 revived posts are detailed in *Annexure –III*.

2.5 Since these revived posts are not adequate enough to discharge the functions in an efficient manner, a proposal for creation of posts, under referred section of AMASR Act, 1958, is being submitted to MoC, as per *Annexure-IV*. However, in the absence of regular employees, young professionals and retired officials have been engaged as consultants on contractual basis, besides outsourcing the supporting staff, to enable the Authority to discharge its functions.

CHAPTER : III
SECRETARIAT OF COMPETENT AUTHORITIES

